आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# अंतरिम बजट : महिलाओं, करदाताओं और मध्यम वर्ग को दी राहत

## विकसित भारत के संकल्प को बढ़ाने वाला बजट: बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को संसद में पेश अंतरिम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार की पिछले 10 वर्षों की विकास गाथा है। साथ ही 2047 के विकसित भारत की रूप रेखा है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा सभी वर्गों के उत्थान की सोच है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट में स्पष्ट नीति और नीयत की झलक है। यह अंतरिम बजट विकास के दशक का बजट है, जिसने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। तीन करोड़ लोगों को पक्की छत दी है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आम आदमी तक हुई है। उन्होंने कहा कि यह जीवाइएन ज्ञान का बजट है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर जोर है।

## मोदी की गारंटी का आइना दिखानेवाला है बजट: अर्जुन मुंडा



रांची (आजाद सिपाही)।कृषि सह जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह बजट भारत को विकास के मार्ग को तेजी से प्रशस्त करेगा। पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी का आइना दिखा रहा है। यह अंतरिम बजट देश के किसान, गरीब, नारी शक्ति और युवा शक्ति की प्रगति का प्रतिबिंब है, जिनके विकास का संकल्प मोदी सरकार ने लिया है। कहा कि मोदी सरकार द्वारा किये गये अनेक उपाय निश्चित ही हमारे अन्नदाताओं का जीवन स्तर और ऊंचा उठायेंगे। अंतरिम बजट में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना परिलक्षित होती है। पीएम सम्मान निधि अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके अंतर्गत अभी तक 11.80 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हुआ है। पूरी पारदर्शिता के साथ बिना बिचौलिये के लगभग 2.81 लाख करोड़ रुपये पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों के बैंक खातों में जमा कराये गये हैं।

## बजट आम जनता को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है : दीपक प्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार का बजट आम जनता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। वहीं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 साल की बच्चियों का टीकाकरण करने की योजना है। आयुष्मान भारत का लाभ अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका को मिलेगा। साथ ही रेलवे के क्षेत्र में ट्रैफिक कॉरिडोर बनेगा। चार हजार रेलवे की बोगी को वंदे भारत श्रेणी का बनाया जायेगा। कुल मिलाकर आज के बजट में सभी क्षेत्र के विकास पर केंद्रित करते हुए सब का साथ सबका, विकास की तर्ज पर सरकार काम कर रही है।

## विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता से भरा बजट: अन्नपूर्णा



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट की सराहना की। कहा कि भले ही यह अंतरिम बजट है, लेकिन इस अल्पावधि के बजट में भी विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता स्पष्ट प्रतिबिंबित होती है। अंतरिम आम बजट प्रगतिशील, विकासोन्मुख और लोक कल्याणकारी है। इसमें समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। यह बजट गांव, गरीब, युवाओं और महिलाओं के कल्याण का बजट है। यह बजट भारत के सर्वांगीण विकास के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा। यह बजट प्रौद्योगिकी के सहयोग से भारत के प्रतिभाशाली युवा शक्ति के नेतृत्व में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के स्वर्ण युग का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## बजट में विकास, विरासत और संकल्प का उल्लेख : सुदेश महतो



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इस बजट में विकास, विरासत और संकल्प का उल्लेख है। इस बजट में समाज के सभी वर्ग खासकर किसान, युवक, गरीब और महिलाओं को प्राथमिकता देने के साथ विकसित और संपन्न भारत बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता भी झलकती है। कहा कि यह बजट देश को आर्थिक समृद्धि, स्थिरता और प्रगति की दिशा में आगे ले जाने के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन।

## देश की बेटियों को मिला बड़ा तोहफा: संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार। मोदी जी देश की बेटियों के लिए एक अभिभावक के तौर पर कार्य कर रहे हैं। मोदी जी की सरकार देश की बेटियों के लिए समर्पित है। लखपति दीदी बनाने की योजना से देश की बेटियों को रोजगार मिलेगा। वह स्वावलंबी बन पायेगी। वहीं मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के किसानों की आमदनी 50 प्रतिशत बढ़ी है। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया गया है। भारत सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रास्ते पर चल रही है। यह सरकार गांव, गरीब, किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुर्जुगों के लिए काम कर रही है। गरीबों का जीवन स्तर कैसे ऊपर उठ सके, उसके लिए काम किया जा रहे हैं। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को पीएम सम्मन निधि के माध्यम से ऋण दिये गये हैं। सौर प्रणाली वाले एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिये जायेंगे।

## अंत्योदय से सर्वोदय की सोच का अंतरिम बजट: बिरंची नारायण

रांची। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह अंतरिम बजट अंत्योदय से सर्वोदय की विकास यात्रा का अंतरिम बजट है। इसमें गरीब कल्याण है। बुनियादी सुविधाओं का विकास है। रोजगार सृजन है। कृषि, किसान, महिला, युवा सभी के विकास की सोच है। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार मुक्त भारत की गाथा है।

## विकास को प्रोत्साहित करनेवाला बजट : डॉ प्रदीप वर्मा



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि अंतरिम बजट शानदार, दूरदर्शी और विकास को प्रोत्साहित करनेवाला है। यह बजट विकास की आकांक्षाओं को पूरा करने, सभी के लिए जीवन को आसान बनाने, हरित विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को और गति देनेवाला है। इस जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार।

## देश को तरक्की की ओर ले जानेवाला बजट: चंद्रप्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)।आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अंतरिम बजट को सकारात्मक, उपयोगी और देश को तरक्की की ओर ले जाने वाला बताया है। कहा कि यह बजट गरीब, मध्यमवर्ग और किसानों के हित के साथ विकासोन्मुखी है। बजट में शहरी और ग्रामीण आबादी का ध्यान रखा गया है। मध्य वर्गों के हितों में बड़े कदम उठाने के साथ महिला युवा और किसान का भी ख्याल रखा गया है।

## सराहनीय है अंतरिम बजट: डॉ लंबोदर



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बजट की सराहना की। कहा कि बजट में मध्यमवर्ग का ध्यान रखा गया है। साथ ही गरीब, महिला, युवा और किसान का भी ध्यान रखा गया है। मध्यम वर्ग के लिए अगले पांच साल में दो करोड़ घर और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ घर बनाने का निर्णय निश्चित रूप से मध्यम वर्ग के लोगों के लिए एक उपयोगी और जरूरी कदम उठाया गया है। आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ा कर इसमें आशा बहनों, आंगनबाड़ी और हेल्पर्स को शामिल कर बढ़िया काम किया गया है।

## जनहित का पूरा ध्यान रखा गया: रमेश सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट होने की वजह से नयी और बड़ी घोषणाओं से परहेज किया गया है। इसके बावजूद जनहित का पूरा ध्यान रखा गया है। सरकार ने दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इसे बढ़ा कर तीन करोड़ कर दिया है। बजट प्रावधानों की वजह से रूफटॉप सौर ऊर्जा से एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिये मिल पायेगी, जिससे 15-18 हजार रुपये की बचत होगी।

## अंतरिम बजट में सबके अरमानों को पंख : महेश पोद्दार



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में इनकम टैक्स, इंपोर्ट टैक्स में कोई बदलाव न करते हुए फिर एक बार उनकी निरंतरता बनाये रखने की चर्चा की। उपलब्धियों के आंकड़े चौंकानेवाले हैं। अर्थव्यवस्था ठीक चल रही है। यह सब मानते हैं। वित्त मंत्री ने भी इस बात को दुहराया है। बजट के माध्यम से सबके लिए अवसर, सबके अरमानों को पंख, पूर्वी भारत का तेजी से विकास, तकनीकी पर भरोसा और उसका पूरा उपयोग, जनसाधारण के जीवन में और सुधार, रोजगार के अवसर, अनुसंधान, भविष्य में राज्य में निवेश बजट की ये चंद बातें उल्लेखनीय हैं। वित्त मंत्री ने यह दर्शाया है कि सरकार का गरीबों को एम्पॉवर्ड करने पर जोर है।

## मकान मुहैया कराने की प्रतिबद्धता: जैलेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने कहा कि इ-व्हीकल की चार्जिंग के लिए बड़े पैमाने पर इंस्टॉलेशन होंगे। इससे वेंडरों को काम मिलेगा। सभी को पक्का मकान मुहैया करवाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले पांच साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ और घर बनाने का प्रावधान किया गया है। पीएम मत्स्य संपदा योजना को बढ़ाया जायेगा। मोदी सरकार की नीतियों की वजह से मत्स्य उत्पादन दोगुना हो गया है।

## बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया: सन्नी टोप्पो



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि पीएम मोदी ने जय अनुसंधान का नारा दिया है। इसे साकार करने की दिशा में कदम उठाये जायेंगे। विगत चार साल में आर्थिक विकास में अद्भुत तेजी आयी है, इसे बरकरार रखते हुए युवा शक्ति प्रौद्योगिकी योजना बनाने की घोषणा की गयी है। तीन रेल कॉरिडोर शुरू किये जायेंगे। यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार किया जायेगा। पीएम गति शक्ति योजना में काम तेज किया जायेगा। माल-भाड़ा परियोजना को भी विकसित किया जायेगा। 40 हजार नॉर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जायेगा।

## बजट विकासोन्मुख और जन कल्याणकारी: सुनीता चौधरी



रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा संसद में पेश अंतरिम बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरिम बजट प्रगतिशील, विकासोन्मुख और जन कल्याणकारी है । यह बजट महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की आकांक्षाओं को पूरा करने, समाज के लिए जीवन को आसान बनाने, हरित विकास, रोजगार सृजन की प्रक्रिया को गति देने वाला है। कहा कि यह बजट विकास के रफ्तार को बढ़ाने वाला है। बजट में गरीब-मध्यम वर्ग का जहां ध्यान रखा गया है। वहीं युवा और किसान का भी ख्याल रखा गया है। नारी सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया है।

## अंतरिम बजट में दूरदर्शिता का अभाव: शशि भूषण



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय ने कहा कि इस बजट में वित्त मंत्री ने देश की आर्थिक समस्याओं से जुड़े किसी भी समाधान के लिए कुछ ठोस कदम नहीं उठाया है। सिर्फ एक चुनावी भाषण की तरह प्रस्तुत किया गया बजट है, जिसमें दूरदर्शिता का अभाव है। देश में चल रहे आर्थिक संकट को नजरअंदाज किया जा रहा है। आज जनता महंगाई और युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## साक्ष्य और सबूत प्रस्तुत नहीं कर सका प्रवर्तन निदेशालय: बंधु तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आज पीएमएलए विशेष न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय न तो साक्ष्य और न ही मजबूत दस्तावेज या सबूत प्रस्तुत कर सका। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के लिए सभी संवैधानिक प्रावधानों की धज्जियां उड़ायी गयी है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री तिर्की ने भरोसा जताया कि कोर्ट से राहत जरूर मिलेगी। मामला न्यायिक है, इसलिए बिंदुवार अपनी बातों को प्रस्तुत करना ही बेहतर होगा।

## आयोग जल्द ले परीक्षा, दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करे: धर्मेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मांग की है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रद्द की गयी स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा दोबारा ली जाये और यह बेहद पारदर्शी तरीके से हो। उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि आयोग ने 4 फरवरी को होने वाली परीक्षा भी रद्द कर दी है, लेकिन वह परीक्षा भी शीघ्र आयोजित हो, क्योंकि इससे अभ्यर्थियों का मनोबल टूटता है। कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब पेपर लीक हुआ हो। आयोग को चाहिए कि उसकी परीक्षा प्रणाली में किसी भी किस्म का झोल न हो।

## गैर झारखंडियों पर भरोसा करने का नतीजा: राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने झारखंड की वर्तमान स्थिति पर कहा कि गैर झारखंडियों पर झारखंड के जो भी मुख्यमंत्री होते हैं, गैर झारखंडियों पर भरोसा कर अपने लिए गड्ढा खोद लेते हैं। यह झारखंडियों के लिए सबसे बड़ा त्रासदी है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हर राजनीतिक पार्टी के लोग मूलवासी सदान और आदिवासी एकता की भावनात्मक बात करते हैं, लेकिन वास्तव में मूलवासी सदानों की उपेक्षा करने में वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसका परिणाम है कि राज्य का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। झारखंडी नेताओं को इस बात को समझना पड़ेगा।

## भारत को आत्मनिर्भर बनानेवाला बजट: डॉ भारद्वाज शुक्ल



रांची (आजाद सिपाही)। शिक्षाविद डॉ भारद्वाज शुक्ल ने कहा कि इस आम बजट में टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह बजट विकसित भारत की सोच पर आधारित भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाली बजट है। इसमें रेलवे, स्टार्टअप, गरीब ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर फोकस किया गया है। इस बजट में रिसर्च और इनोवेशन पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च कर रिसर्च और इनोवेशन पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें 11 लाख 11हजार 111 करोड रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किये जाने का निर्णय स्वागत योग्य है।

## इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं: जीतेंद्र सिंह पटेल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता जीतेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे 1 करोड़ टैक्स पेयर्स को फायदा मिलेगा। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जायेगा। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जायेगा। हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा।

## बजट के जरिये चुनाव को भुनाने की कोशिश: संतोष सोनी



रांची (आजाद सिपाही)। मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी ने बजट को निराधार बताया। यह बजट लोक लुभावना है। युवाओं को प्रलोभन दिया जा रहा है, ताकि लोकसभा 2024 के चुनाव में इसे भुनाया जा सके। झूठे प्रचार में व्यस्त केंद्र की भाजपा सरकार देश को पुनः गुमराह करने के लिए तैयार है। हम सब जनता के सामने भाजपा की नाकामियों को ले जायेंगे।

## देश के विकास को गति मिलेगी: सांवरमल

रांची। भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी सांवरमल अग्रवाल ने कहा कि बजट देश के विकास को गति देनेवाला है। युवाओं, गरीबों, महिलाओं, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना बढ़ावा देनेवाला और विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत का ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग के शहर में किराये में रहने वाले दो करोड़ से अधिक लोगों के लिए आवास की व्यवस्था की जायेगी। 55 लाख मछुआरों को रोजगार देने की व्यवस्था की जायेगी।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बजट को बताया दूरगामी परिणाम वाला बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आम बजट के प्रसारण को देखने की व्यवस्था चैंबर भवन में की गई थी, जिसमें व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने शामिल होकर बजट प्रसारण को देखा। इस दौरान चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अंतरिम बजट विकासोन्मुखी है। बजट दूरगामी परिणाम देने वाला है। कहा, सरकारी पूंजी व्यय की शत प्रतिशत वृद्धि से रोजगार का सृजन होगा। बजट में कृषि क्षेत्र, स्वच्छ ऊर्जा और आयकर श्रेणियों को तर्कसंगत बनाये जाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वित मंत्री द्वारा बजट में की गई घोषणा व्यापार की सुगमता में सुधार लायेगी। यह बजट लघु, सूक्ष्म




और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए भी सहायक है। कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने की मंशा दिखाई है जिसका हम स्वागत करते हैं।

चैंबर के परेश गटानी ने कहा कि बजट सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। महिलाओं, युवाओं और कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार ने कई नई योजनाएं और सुविधाएं शुरू करने की बात कही है। बजट की सबसे मजबूत बात कारपोरेट टैक्स में कटौती करना है। आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि अंतरिम बजट के माध्यम से वित मंत्री द्वारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रा पर फोकस, महिला सशक्तीकरण, मिडिल क्लास के लिए हाउसिंग स्कीम, निवेश की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम करने की बात कही गयी है। ये सराहनीय है।

**पर्यटन पर फोकस सराहनीय :** राहुल साबू ने कहा कि झारखण्ड राज्य को इंफ्रा के क्षेत्र में खास एलोकेशन करना चाहिए था। 40 फीसदी मिनरल रिसोर्स इसी प्रदेश में है किंतु माईस मिनरल पर आधारित उद्योगों के रिवाइवल के लिए सरकार ने अपनी कोई मंशा नहीं दिखाई है। अमित शर्मा ने कहा कि अंतरिम बजट में प्रत्येक सेक्टर पर ध्यान दिया गया है। चाहे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बात हो या आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढाने से जुडे ऐलान हो या महिलाओं के विकास पर ध्यान। यह सभी अहम क्षेत्र हैं। शैलेश अग्रवाल ने कहा कि बजटीय उद्बोधन में माननीय वित मंत्री ने आध्यामिक पर्यटन को बढावा देने हेतु पर्यटन और कॉन्फ्रेंस पर्यटन का जिक्र किया है। विदेशी यात्रियों को घरेलू पर्यटन की ओर आकर्षित करने के लिए राज्यों के पर्यटन को विकसित करने की योजना स्वागतयोग्य है।

**महिलाओं के उत्थान की घोषणा का स्वागत किया :** चैंबर की ज्योति कुमारी ने कहा कि बजट के माध्यम से वित मंत्री ने बताया है देश के विकास की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढी है। सरकार द्वारा राज्यसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, मुद्रा योजना के तहत 30 करोड का लोन दिया जाना बेहतर परिणाम देगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा ।
निविदा आमंत्रण सूचना सं०:-16(2023-24)

1 विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा ।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 12/02/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 13/02/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :- 13/02/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से ।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में
2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल सं0-2 राँची कार्यालय परिसर में ।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :- क्रमांक - 6 के क्र0 सं- 1 के स्थान पर

कार्य का विवरण -

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Police Barrack in the Campus of Judicial Colony at Garhwa | ₹ 23,57,000/- | ₹ 47,200/- | ₹ 5,000/- | 01 माह |
| 2. | Construction of Suntry Past in Judicial Colony at Garhwa. | ₹10,41,700/- | ₹ 20,900/- | ₹ 2,500/- | 01 माह |

परिमाण विपत्र की शर्तें:- परिमाण विपत्र क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट और आवेदन पत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग देना होगा, आचरण स्वच्छता (उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण स्वच्छता एक वर्ष के लिए वैधता होना अनिवार्य है) PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक का ही डी०डी०/ बी०डी० अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, गढ़वा ।






# राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज पहुंचेगी पाकुड़

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी की मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को बंगाल के के रास्ते पाकुड़ में इंट्री करेगी। राहुल की यात्रा शुक्रवार को ढाई बजे दिन में राजग्राम की ओर से पाकुड़ जिले के पथरघटा होते हुए नासीपुर पहुंचेगी और राहुल लोगो को संबोधित करेंगे। राहुल की पाकुड़ आगमन और नाइट स्टे को लेकर सीआरपी की टीम ने लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के साथ स्थल का जायजा लिया। लिट्टीपाड़ा में राहुल के नाइट स्टे को ले सीआरपी सेक्रेटरी प्रणव कुमार, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद एवं बीडीओ ने रामपुर फुटबाल मैदान का स्थल निरीक्षण किया।

राहुल गांधी पाकुड़ सहर में अंबेडकर चौक और कांग्रेस कार्यालय मोड़ पर लोगों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा शुक्रवार को दो बज कर 45 मिनट पर बंगाल झारखंड सीमा पर नसीरपुर गांव की ओर से इंट्री करेगी। पाकुड़ में उनका जोरदार स्वागत की तैयारी की गयी है। उनकी यात्रा लिट्टीपाड़ा के रामपुर गांव में रात्रि विश्राम करेगी। दूसरे दिन गोड्डा होते हुए देवघर जायेंगे।

# शोध को प्रोत्साहित कर दें आर्थिक विकास को गति : ई बालागुरुसामी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुसामी ने गुरुवार को कहा कि विज्ञान-तकनीकी के क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित करके राष्ट्र के आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है। इसके माध्यम से भारत को संपन्न और विकसित राष्ट्र बनाने में सहायता मिलेगी।

प्रो ई बालागुरुसामी उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा संस्थानों में विज्ञान-तकनीकी क्षेत्र में शोध के प्रोत्साहन के लिए आयोजित संवादात्मक कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे शोध की दिशा में एकल प्रयास न करके एकीकृत प्रयास करें। प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने विभाग के द्वारा किये जा रहे शोध प्रोत्साहन कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की। कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि राज्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान की असीम संभावनाएं हैं। मौके पर डॉ उमेश कुमार शर्मा, डॉ प्रवाकर मोहंती, डॉ विश्वजननी सत्तिगेरी, डॉ आदित्य कुमार, अजय कुमार महालका, डॉ शालिनी लाल उपस्थित थे।

# केंद्रीय कोयला ने वेब पोर्टल सी-केयर्स को किया लांच

**कोल इंडिया की तीन सीएसआर पहल का श्रीगणेश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास संगठन सेंटर फार डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग द्वारा विकसित और डिजाइन किया गया सी-केयर्स वेब पोर्टल लांच किया। यह पोर्टल सीएमपीएफओ की डिजिटलीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जिसका लक्ष्य अपने रिकॉर्ड और कार्य प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को समाधान करना है। मार्च 2023 में सीडीएसी को सौंपी गयी परियोजना परिचालन और साफ्टवेयर मुद्दों से निपटने के लिए एक व्यापक समाधान फ्रेमवर्क है। पोर्टल सी-केयर्स, सीएमपीएफ अंशदाताओं और कोयला कंपनियों को लॉगिन करने और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्य करने की अनुमति देगा। यहां अंशदाता व्यक्तिगत विवरण और सदस्यता स्थिति तक पहुंच सकते हैं। यह कागज रहित कामकाज, दावों का समय पर और सटीक निपटान, प्रोसेसिंग समय में कमी और शिकायत निवारण भी सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा श्री जोशी ने एजुकेशनल कंसल्टेंट्स लिमिटेड नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से कोल इंडिया लिमिटेड की निगमित सामाजिक दायित्व के रूप में की जा रही तीन सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मौके पर कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा, अपर सचिव रूपिंदर बराड़ उपस्थित थे।

# पीएम मोदी कल ओड़िशा में कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन



**लोकार्पण और आधारशिला कार्यक्रम के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर तुषार कांत पांडे ने दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन फरवरी को संबलपुर-तालचेर दोहरीकरण लाइन (168 किमी), खुर्दा-बलांगीर परियोजनाओं (21.7 किमी) की झारतरभा-सोनपुर नयी लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे, संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे और सोनपुर-पुरी-सोनपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे। यह जानकारी मंडल रेल प्रबंधक/संबलपुर तुषार कांत पांडे ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और न्यू इंडिया के भारत सरकार के सपने को साकार करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है।

## इडी ने हेमंत की गिरफ्तारी के कारण बताये, रिमांड मांगी

# हेमंत सोरेन पर साढ़े आठ एकड़ जमीन पर कब्जा करने का आरोप

- इडी ने रिमांड याचिका में कहा, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य आरोपियों की सक्रिय मदद कर रहे थे हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेने के लिए अदालत में जो याचिका दायर की है, उसमें कई आरोप लगाये गये हैं। याचिका में कहा गया है कि आरोपी हेमंत सोरेन को पीएमएलए, 2002 की धारा 65 और 19 (3) के साथ सीआरपीसी की धारा 167 के तहत 10 दिनों की रिमांड पर सौंपा जाये। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत झारखंड सरकार के साथ साझा की गयी जानकारी के आधार पर भानु प्रताप प्रसाद, राजस्व उप निरीक्षक के खिलाफ कई केस दर्ज किये गये थे। इसकी जांच के दौरान, मोरहाबादी, रांची में 4.55 एकड़ क्षेत्रफल वाली सेना के कब्जे वाली भूमि के फर्जी अधिग्रहण का पता चला। जांच में पता चला कि भानु प्रताप प्रसाद बलपूर्वक और गलत कार्यों के आधार पर संपत्ति अर्जित करने, सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने, मूल राजस्व दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने के भ्रष्ट आचरण में शामिल सिंडिकेट का हिस्सा था। बाद में मामले की जांच और छापामारी के दौरान उक्त सरकारी कर्मचारी के कब्जे से 11 ट्रंक सरकारी दस्तावेज जब्त किये गये। इसके अलावा कई दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी विवरण दर्ज किये जाने का भी पता चला। इसके बाद भानु प्रताप प्रसाद और जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट के अन्य छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

इडी ने कहा है कि भानु प्रताप प्रसाद अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने के लिए अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश रचने में सक्रिय रूप से शामिल थे, जिनमें हेमंत सोरेन भी शामिल थे। उनकी अवैध रूप से अर्जित/कब्जे वाली संपत्तियों का विवरण भी उनके मोबाइल फोन से जब्त किया गया है। इसके अलावा तलाशी के दौरान भानु प्रताप प्रसाद का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया और हिरासत में रहते हुए उनकी उपस्थिति में इसका डाटा निकाला गया। उक्त मोबाइल फोन में नकद लेनदेन, जमीन अधिग्रहण में दूसरों को अवैध लाभ पहुंचाने से संबंधित कई चैट और जानकारी की पहचान की गयी है। इनके अलावा हेमंत सोरेन द्वारा अवैध रूप से अर्जित और उनके अधिकार क्षेत्र में स्थित भूमि संपत्तियों की सूची वाली एक तस्वीर भी बरामद की गयी है, जिसका कुल क्षेत्रफल 8.5 एकड़ (लगभग) है। भानु प्रताप प्रसाद ने स्वयं उस निर्देश पर भूमि का



भौतिक सत्यापन किया था, जो उन्हें सीएमओ से सर्कल अधिकारी के माध्यम से मिला था। भानु प्रताप प्रसाद ने इस पर कुछ बयान भी दिया था। याचिका में ऐसे 13 भूखंडों का विवरण दिया गया है। इडी ने कहा है कि पीएमएलए, 2002 की धारा 16 के तहत किये गये सर्वेक्षण में भी हेमंत सोरेन द्वारा उक्त संपत्ति पर अवैध कब्जे की पुष्टि की गयी है। यह तथ्य भी सामने आया कि उन भूखंडों से संबंधित सरकारी अभिलेखों और रजिस्टर के रिकॉर्ड में हेराफेरी करने की कोशिश की गयी थी, ताकि उक्त संपत्ति हेमंत सोरेन के नाम पर दर्ज की जा सके, जिसे इडी की समय पर कार्रवाई से विफल कर दिया गया।

इडी का कहना है कि इस मामले में हेमंत सोरेन सीधे तौर पर अपराध की आय अधिग्रहण, कब्जे और उपयोग से जुड़ी प्रक्रिया में शामिल हुए हैं। अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने के लिए मूल अभिलेखों को छुपाने से संबंधित गतिविधियों में हेमंत सोरेन जानबूझ कर भानु प्रताप प्रसाद के साथ एक पक्ष हैं।

याचिका में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवासीय परिसर की तलाशी और उनके कमरे से बरामद 36 लाख 34 हजार 500 रुपये के अलावा फर्जी तरीकों से जमीन संपत्तियों के अधिग्रहण के मामले में की जा रही जांच से जुड़े अन्य दस्तावेज जब्त किये जाने की भी चर्चा है।

इडी का कहना है कि तथ्यों और परिस्थितियों और अपराध की आय से जुड़ी गतिविधियों और प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए यह साफ है कि हेमंत सोरेन उक्त भानु प्रताप प्रसाद के साथ एक पक्ष हैं और यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि हेमंत सोरेन ने अपराध की अर्जित आय अपने पास रख रहे हैं और उपयोग कर रहे हैं। यह भी मानने के मजबूत कारण हैं कि हेमंत सोरेन जानबूझकर ऐसी प्रक्रियाओं और गतिविधियों में शामिल हैं, जिसके द्वारा उन्होंने अपने नाम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के नाम पर कई जमीन-जायदाद अर्जित की है।

इडी ने कहा है कि उक्त मामले में स्पष्टीकरण हेतु हेमंत सोरेन को कई समन जारी किये गये, परंतु अधिकांश समय वह जानबूझ कर उपस्थित नहीं हुए, जिससे यह भी सिद्ध होता है कि वह जांच से बच रहे हैं। इसलिए उन्हें पीएमएलए, 2002 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## कयासों और अटकलों के बीच दिनभर राजनीतिक पारा चढ़ा रहा

# सर्द मौसम में सियासी हलचल 'हॉट'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सर्द मौसम में भी गुरुवार को सियासी हलचल हॉट रहा। कयासों और अटकलों के बीच दिनभर राजनीतिक पारा चढ़ता रहा। अंततः हार्स ट्रेडिंग के डर से विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया है। इससे पहले बार फिर चंपई सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात के लिए समय मांगा। मुलाकात के बाद फिलहाल सरकार नहीं बनता देख विधायकों को रांची से हैदराबाद शिफ्ट किया गया। सर्द मौसम और बारिश के बीच हर जुबां पर राजनीति की चर्चा ही होती रही। लोग घरों में टीवी से चिपके रहे। पल-पल के राजनीतिक हालात पर नजर बनाये हुए थे।

इधर, कोर्ट में पेशी के बाद हेमंत सोरेन को होटवार जेल भेज दिया गया। कोर्ट में पहुंचते ही समर्थक भी वहां जुटे थे, लेकिन यहां पुलिस काफी चुस्त-दुरुस्त दिखी। हेमंत सोरेन गाड़ी से उतरते ही हाथ जोड़ कर मुस्कुराते हुए कोर्ट में दाखिल हुए। हालांकि लौटते वक्त उनके चेहरे पर वह मुस्कान नहीं था। इधर, सर्किट हाउस में विधायकों ने खुद अपनी गिनती करायी।

### नंबर एक-स्टीफन और नंबर 43 चंपई सोरेन

झारखंड में जारी राजनीतिक संकट के बीच सत्ता पक्ष के सभी विधायक सर्किट हाउस में मौजूद रहे। इनकी बाकायदा गिनती भी की गयी। विधायकों की काउंटिंग देखकर आपको अपने स्कूल के दिनों की याद आ जायेगी। जिस तरह स्कूल में मास्टर जी के कहने पर बच्चे अपना नंबर बताते थे, विधायकों ने उसी तरह से अपनी गिनती की। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक की गिनती की शुरुआत स्टीफन मरांडी से हुई और अंत में इस गठबंधन के विधायकों के नये नेता चंपई सोरेन पर खत्म हुई। गिनती में विधायकों की संख्या 43 हुई। पहले नंबर पर स्टीफन मरांडी और 43वें नंबर पर चंपई सोरेन, यह गिनती राज्यपाल से मिलने के लिए राजभवन रवाना होने से पहले हुई। इसके बाद राज्यपाल से मिलने के लिए चंपई सोरेन के नेतृत्व में पांच विधायक राजभवन पहुंचे। विधायकों की गिनती का वीडियो राज्यपाल को सौंपा गया।

### झारखंड की निगाहें राजभवन पर

हेमंत सोरेन द्वारा इस्तीफा देने के बाद सबकी निगाहें राजभवन पर टिक गयी हैं। फिलहाल राज्यपाल ने सरकार बनाने का न्योता नहीं दिया है। उम्मीद जतायी जा रही है कि शुक्रवार को इस दिशा में छायी धुंध छंटे। फिलहाल राज्य में कोई मुख्यमंत्री नहीं है। ऐसे में अब राजभवन का अगला कदम क्या होगा। क्या राज्यपाल विधायकों का परेड कराने के बाद चंपई सोरेन को सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे या फिर राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करेंगे। अगर सरकार बनाने में भी देरी होती है, तो इस दौरान राज्य में संवैधानिक संकट दूर करने के लिए राज्यपाल क्या निर्णय लेते हैं, यह राज्यपाल पर ही निर्भर है।

### मुख्य सचिव ने विधि व्यवस्था की समीक्षा की

मुख्य सचिव ने राज्य में विधि व्यवस्था की समीक्षा भी की। साथ ही वर्तमान स्थिति को देखते हुए गुरुवार की सुबह 11 बजे राज्य के सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की। आवश्यक निर्देश दिये।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला का समापन

# शिक्षा में नये प्रयोगों को सामने लाना हमारे विद्यालय का ध्येय है : डॉ सुनील कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किसी भी संस्थान को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए बदलते समय के साथ अपनी पद्धतियों को भी बदलना पड़ता है। इसी मूल मंत्र को आधार बना कर रांची के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में पांच दिनों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के आयोजन के लिए प्रख्यात शिक्षाविद् एवं भाषाविद् रूथ रस्तोगी एवं दिनेश रस्तोगी को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने शिक्षकों को सहज - सरल तरीके से भाषा एवं दूसरे विषयों में आसपास की छोटी-छोटी चीजों का उपयोग कर सीखने- सिखाने की नयी पद्धतियों से परिचित कराया। हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कहानी सुनाने के दौरान स्वरों के उतार-चढ़ाव का ध्यान रखा जाये तथा बाद में व्याकरण से संबंधित बहुत



सारे सवाल पूछे जा सकते हैं। जिनका छात्र रुचि के साथ जवाब देंगे। दूसरे दिन की कार्यशाला विशेष रूप से इस बात पर आधारित थी कि किस तरह गणित में अंक चार्ट का उपयोग करें तथा सवालों को रोचक तरीके से पूछने से छात्र दिलचस्पी से जवाब देंगे और विषय में उनकी रुचि बढ़ेगी। कार्यशाला के तीसरे दिन छात्र छात्राओं के माता-पिता को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें पढ़ने पढ़ाने की नवीन पद्धतियों से परिचित कराया गया। अंतिम दो दिन विशेषज्ञ छोटी से बड़ी हर कक्षा में गये और उन्होंने शिक्षक के साथ मिल कर तरह-तरह की गतिविधियों का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने रुचि के साथ भाग लिया और बहुत सारी जानकारियां सामने आयी कि छात्र अपनी क्षमता का बेहतर तरीके से उपयोग कैसे कर सकते हैं?

कार्यशाला के समापन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा में नये प्रयोगों को सामने लाना हमारे विद्यालय का ध्येय है और हम इसके प्रति हमेशा गंभीर रहेंगे । इस कार्यशाला से निश्चित रूप से हमारे शिक्षक लाभान्वित हुए हैं और वह इन नयी पद्धतियों का पढ़ाने में उपयोग करेंगे। कार्यशाला के सफल आयोजन पर विद्यालय के निदेशक मदन सिंह, सह निदेशक अमन सिंह ने शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं और आमंत्रित विशेषज्ञों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के सफल संचालन में आकर्षिता सिंह, गुर सिमरत कौर अमित सिंह, रिया नायक और विशाखा चटर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सुप्रीम कोर्ट का झारखंड सरकार को निर्देश, सफल अभ्यर्थियों की जिला जज पर की जाये नियुक्ति

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जिला जज भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और झारखंड हाइकोर्ट को निर्देश दिया कि सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। प्राथियों के अधिवक्ता की ओर से बहस के दौरान बताया गया कि वे मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में सफल हुए हैं। इसके बावजूद सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की जा रही है। दरअसल, झारखंड जिला जज भर्ती परीक्षा दो चरणों में ली गयी थी। लिखित परीक्षा 4 सितंबर 2022 को हुई थी इसमें 2000 अभ्यर्थी शमिल हुए थे। इस परीक्षा में 66 अभ्यर्थी को 14 फरवरी 2023 को झारखंड हाइकोर्ट ने सफल घोषित किया गया था, जिनका 12, 13 और 14 मार्च 2023 को रांची में इंटरव्यू हुआ था। इंटरव्यू में सफल हुए अभ्यर्थियों सुशील पांडेय, राजीव कुमार, हरिओम कुमार, प्रतीक चतुर्वेदी, रणधीर कुमार सिंह, पिंकी सिंह और अजय शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की, जिसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में हुई।

### 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी चंदन सिन्हा ने 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। सौमित्र पंकज भूषण को बुंडू का नया थानेदार बनाया गया है। वहीं तत्कालीन बुंडू के थानेदार संजीव कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। जगन्नाथपुर थाना में पदस्थापित रामजी कुमार को बुढ़मू का नया थानेदार बनाया गया। वहीं बुढ़मू के तत्कालीन थानेदार कमलेश राय को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। लोअर बाजार थाना में पदस्थापित तारकेश्वर प्रसाद केसरी को नामकुम थाना भेज दिया गया है।

### चडरी सरना समिति ने पूर्वजों को किया याद



रांची (आजाद सिपाही)।चडरी सरना समिति की ओर से गुरुवार को सरना धर्मावलंबियों ने चडरी मौजा के हरमू स्थित चडरी मसना में हड़गड़ी मसना पूजा में ढोल-नगाड़ा, शहनाई और पूर्वजों का सफेद झंडा लेकर जुलूस की शक्ल में हरमू स्थित मसना स्थल पहुंचे। हड़गड़ी स्थल पहुंच कर धूप, अगरबत्ती दिखा कर स्थल को पवित्र किया। अर्पण, टीका सिंदूर, अरवा, धागा, दीया रख कर पुष्प अर्पण कर चावल डंबू, उरद भात, तपावन, पानी देकर पूर्वजों से आशीर्वाद लिया। केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि पूर्वजों द्वारा दी गयी व्यवस्था पर माघ माह में मुंडाओं द्वारा हड़गड़ी मसना पूजा की जाती है। कार्यक्रम में राहुल पाहन, बबलू मुंडा, चडरी सरना समिति के मुख्य सलाहकार कुमोद वर्मा, राजेश मुंडा, मंगल मुंडा, राहुल मुंडा, प्रकाश मुंडा, पल्लू मुंडा, बजरंग मुंडा, अमनदीप मुंडा, डब्लू मुंडा, आशीष मुंडा, विक्की मुंडा, हरिश मुंडा मौजूद थे।

### शारदा ग्लोबल के शान का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल की दसवीं के विद्यार्थी शान सहाय ने सीबीएसइ की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज-2023 में क्षेत्र प्रदर्शन किया है। पटना जोन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। निदेशक डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर ने शान सहाय की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# रेलवे को औसत फंड से 1,157% अधिक मिला : अश्विनी वैष्णव

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओड़िशा राज्य के लिए अंतरिम रेलवे अंतरिम बजट-2024 पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राज्य में रेलवे क्षेत्र में तेजी से बदलाव देखा जा सकता है। अंतरिम बजट-2024 में राज्य में रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुरक्षा परियोजनाओं के परिव्यय के लिए 10,536 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जो दस साल पहले आवंटित औसत फंड से 1,157% अधिक है।

भारतीय रेलवे ने आधुनिक तकनीक और आधुनिक सुविधा के साथ वंदे भारत, अमृत भारत आदि जैसी कई आधुनिक ट्रेनें शामिल की हैं, जिन्हें युवाओं से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया और सराहना मिली है। आने वाले दिनों में वंदे मेट्रो और वंदे स्लीपर जैसी ट्रेनें चलाने की योजना है। रेलवे सुरक्षा पर विशेष फोकस दिया गया है। वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे ओड़िशा में 58 रेलवे स्टेशनों के विकास पर काम चल रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक, आरपी यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, के संदीप, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं अमितेश आनंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मरेप्र/खोरधारोड के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित थे।

# 4 से प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन 2024

## किट उड़िया कवि सम्मेलन की मेजबानी करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट विश्वविद्यालय ओड़िशा सरकार के ओडिशा भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के सहयोग से 4-5 फरवरी 2024 को प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन 2024 के हिस्से के रूप में उडिया कवि सम्मेलन की आयोजन करने के लिए तैयार है। मुख्य कार्यक्रम, पहला विश्व उडिया भाषा सम्मेलन 2024 उडिया की प्राचीनता और निरंतरता का उत्सव है, जो भारत की छह शास्त्रीय भाषाओं में से एक है। इसने दुनिया के हर कोने में रहने वाले सभी उड़िया लोगों में जबरदस्त उत्साह पैदा किया है।

किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने किट को उड़िया कवि सम्मेलन के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपने के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। वह सीधे तौर पर सम्मेलन की देखरेख कर रहे हैं, सभी कवियों के लिए सर्वोत्तम आतिथ्य के विस्तार पर जोर दे रहे हैं और हमारी उत्कृष्ट उडिया भाषा की समृद्धि का जश्न मनाने की इस संपूर्ण पहल के लिए सरकार को बधाई देते हैं। सम्मेलन में विस्तार से चर्चा होगी कि शास्त्रीय भाषा उड़िया को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है। सम्मेलन में स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय लगभग 400 कवियों के भाग लेने की उम्मीद है।

## बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सेवा 24 घंटे में महज कुछ घंटों के लिए मिल रही है। उपभोक्ता विगत एक महीने से बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज से परेशान हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा के दिनों में बिजली की लचर व्यवस्था से लोगों में रोष है। सुबह-शाम बिजली गायब रहती है। दिन में भी घंटों बिजली के दर्शन नहीं होते हैं। इससे अस्पताल, बैंक सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। कहा कि फरवरी माह से आठवीं, इंटर व मैट्रिक की परीक्षा होनेवाली है। ठीक पढ़ाई के समय ही बिजली गुल हो जा रही है। किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द व्यवस्था में सुधार लाकर क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था बहाल कराये जाने की मांग की है।

## बेड़ो में खराब मौसम से पसरा रहा सन्नाटा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अचानक मौसम खराब होने से बेड़ो सहित प्रखंड में ठंड का प्रभाव काफी बढ़ गया है। ऐसे में आम लोगों और बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। गुरुवार की सुबह से बादल छाए रहे और बूंदाबांदी के बाद दोपहर में वर्षा होने के कारण कनकनी बढ़ गई। वाहन चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। ठंड के दिनों में बिन मौसम बारिश से वातावरण में कनकनी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में ठंड और भी बढ़ने के आसार हैं। वर्षा के कारण साप्ताहिक बाजार होने के बाद भी की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गरीब परिवार सड़क किनारे अलाव जलाकर आसपास सिमटे रहे। बूंदाबांदी से प्रतिदिन काम करने वाले मजदूरों की परेशानी भी बढ़ चुकी है। वहीं, वर्षा से गेहूं व सब्जी के फसलों को फायदा होने की बात किसान बता रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह लोगों को अलाव जलादे देखा गया। जरूरी कार्यो के लिए घर से बाहर निकलने वाले लोग रैन कोट और छाता का सहारा भी लेते दिखे। गरीब और असहाय लोगों के लिए यह मौसम कहर बरपा रहा है। मौसम खराब होने से दिहाड़ी मजदूरों को सबसे ज्यादा परेशान किया है। मौसम खराब व झारखंड बंद होने के कारण बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। लोगों का कहना है कि बादल छंटने के बाद ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा।

## शिक्षक भुवनेश्वर गोप हुए सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो नवाटोली उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय-टू के परिसर में बुधवार को उक्त विद्यालय के पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत भुवनेश्वर गोप की सेवानिवृत्त पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। वहीं, विदाई समारोह पर उदगार व्यक्त करते हुए भुवनेश्वर गोप अपनी दास्तान व चिंता दोनों बता गए। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2003 में पारा शिक्षक के रूप में योगदान दिये थे। 2024 में बुधवार को कार्यकाल समाप्त हुआ। अब उनका जीवन कैसे चलेगा इसकी चिंता हो रही है। इस मौके पर मौजूद द्वारिका सिंह, लाल सुमन, अर्जुन कुजूर, गंगा महली, बुधनाथ उरांव, महादेव भगत, बंशी बैठा, बिरसा उरांव, छोटेराम उरांव, शेख सयूल, सोमरा उरांव, एतवा उरांव, विमला उरांव, राजमुनी उरांव, विंदेश्वर हजाम आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## 52 पड़हा जतरा का आयोजन आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोरहा गांव में 52 पड़हा जतरा का आयोजन शुक्रवार को होगा। इसकी जानकारी गांव के अगुवा दिलबर तिर्की एवं ग्रामीणों ने दी। उन्होंने बताया कि जतरा में मुख्य अतिथि के रुप में 52 पड़हा राज खरसीदाग के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य कुटियातू की रोजलिन मिंज उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा खरसीदाग थाना प्रभारी, समाज के जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, पड़हा के लोग-समाजसेवी मौजूद रहेंगे।

## वाइबीएन बीएड महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बीएड महाविद्यालय में गुरुवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव ने किया। बीएड सत्र 2022-24 के शिक्षक प्रशिक्षुओं ने अपशिष्ट वस्तुओं से निर्मित मनमोहन कलाकृति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार गुप्ता ने स्टूडेंट्स के कलात्मक हुनर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह की आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और हौसला बढ़ता है। साथ ही वे अपने हुनर को प्रोफेशन का भी रूप दे सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह देते हुए कहा कि अपनी क्रिएटिविटी को सोशल मीडिया के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचा सकते है। साथ ही अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। जिसमें प्रथम स्थान रोशनी कुमारी, द्वितीय स्थान खुशबू कुमारी, तृतीय स्थान सुलेखा बिरुली को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एचओडी कैलाश नाथ सिंह, डॉ मांडवी राय, डॉ सुमन कुमारी, डॉ सुभाष यादव, डॉ सलमा खातून, प्रियंका कुमारी, संदीप आनंद आदि थे।

## एक सप्ताह से बीएसएनएल का नेटवर्क फेल, उपभोक्ता परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से बीएसएनएल का नेटवर्क फेल है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार की सुबह 10 बजे से ही नेटवर्क लगातार फेल रहा, जो शाम पांच तक नहीं आ पाया। जिससे बीएसएनएल के उपभोक्ताओं से लेकर कार्यालयों तक का काम बाधित रहा। वहीं, यहां व्यापारी, नौकरी पेशा समेत अधिकांश लोग परेशान रहे। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क पिछले एक सप्ताह से बाधित है। जब नेटवर्क रहता भी है तो काफी थकी हुई हालत में रहता है।

# तबादले की चिट्ठी मिलने के एक महीना बाद भी अपनी कुर्सी पर जमे हुए हैं कांके अंचल के राजस्व उप निरीक्षक

**रांची डीसी के आदेश को परशुराम केरकेट्टा दखा रहे ठेंगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** राजधानी रांची से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित कांके अंचल कार्यालय जमीन संबंधी कई कारनामों के चलते हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। सूत्र बतातें हैं कि यहां राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक और अंचल अधिकारी की पोस्टिंग को लेकर सत्ता में पकड़ और पैरवी भी खूब चलती है। यहां लगभग दो साल से हल्का-6 में राजस्व उप निरीक्षक परशुराम केरकेट्टा पदस्थापित हैं। इनके कार्य प्रणाली से आक्रोशित कई ग्रामीणों, राजनीतिक दल के नेताओं और प्रबुद्ध जनों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, रांची



डीसी, अपर समाहर्ता सहित कांके अंचल अधिकारी से कई बार शिकायतें की है। इन्हीं के आलोक में इनका तबादला रांची डीसी सह जिला दंडाधिकारी द्वारा दो जनवरी को जिला स्थापना उपसमाहर्ता के हस्ताक्षर से सोनाहातू अंचल कर दिया गया। लेकिन परशुराम केरकेट्टा की सत्तापकड़ और पहुंच इतनी मजबूत है कि इन्होंने डीसी के आदेश को भी ठेंगा दिखा दिया और लगातार अंचल कार्यालय में कार्य कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि परशुराम कार्यालय कब आते हैं कब जाते हैं इसकी जानकारी कार्यालय कर्मियों सहित अंचल अधिकारी को भी नहीं है। मोबाइल फोन उठाना तो दूर की बात सीधे मुंह बात भी नहीं करते हैं जिस कारण हल्का 6 के जमीन संबंधी कार्य के लिए ग्रामीण और आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता से मिली शिकायतों के आधार पर डीसी ने अपने आदेश पर साफ-साफ लिखा है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्यहित में इनका तबादला सोनाहातू अंचल किया जाता है और अविलंब अपने कार्यस्थल पर योगदान देंगे। लेकिन एक माह बाद भी कांके अंचल में जमें हुए हैं। कार्यमुक्त भी नहीं किए गए हैं। इस संबंध में इनका पक्ष जानने के लिए अंचल अधिकारी जयकुमार राम और राजस्व उप निरीक्षक परशुराम के मोबाइल पर फोन की गई तो दोनों ने फोन नहीं उठाया। राजस्व उप निरीक्षक परशुराम केरकेट्टा को कार्य मुक्त करने और सोनाहातू अंचल में शीघ्र पदस्थापन के लिए विरमित करने की मांग को लेकर रांची डीसी और कांके अंचल अधिकारी से रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष मुलाकात करेंगे।

### सीता स्वयंवर व प्रभु श्री राम के शिव धनुष तोड़ने की अद्भुत झांकी की प्रस्तुति

# प्रभु श्रीराम की लीला अपरंपार : रामटहल

**राम कथा सुनने दूर दराज से पहुंच रहे हैं लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर में आयोजित नवचंडी महायज्ञ के संध्या बेला में आयोजित राम कथा में राम कथा वाचिका देवी रोशनी शास्त्री ने भगवान राम का अलौकिक वर्णन करते हुए सीता स्वयंवर और प्रभू श्री राम द्वारा शिव धनुष तोड़ने की प्रस्तुति से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। शिव धनुष के टूटते ही पूरा यज्ञ परिसर जयश्री राम के जयकारे से गूंज उठा। वृंदावन धाम से आए कलाकारों व यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजगौरव तिवारी और उनकी पत्नी रूपा तिवारी, राजा जनक व सुनैना का रूप धारण कर सीता स्वयंवर की खुबसूरत जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। इससे पूर्व राम कथा का शुभारंभ पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य सरीता



नवचंडी महायज्ञ के संध्या बेला में आयोजित राम कथा में सीता स्वंबर में भगवान का रूप धारण किए हुए कलाकार।

देवी, रंधीर चौधरी, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, राजेश गुप्ता, भाजपा नेता नरेश साहू, ओरमांझी पंचायत मुखिया दीपक बडाईक, पंचायत समिति सदस्य ललीता देवी, उपमुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, नीरज नायक, समाज सेवी रामकुमार महतो ,सतीश बडाईक ने आरती करके किया। इस मौके पर राम सिंह, अमित साहू, शशी भूषण साहू अर्जून सिंह, संतोष कुशवाहा, प्रभुदत महतो, निर्मल महतो, प्रकाश महतो, बसंत साहू, लखन नायक, अमित साहू गुड्डू, रूपेश साहू, गणेश महतो, आनंद महतो, शशी मेहता, नीरज पांडे, विजय चौरसिया आदि मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन में यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, अध्यक्ष आशीष साहू, सचिव राजगौरव तिवारी, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, प्रदीप महतो, गिरधारी महतो, नंदकिशोर साहू, नंदकिशोर दूबे, तुलसी महतो, संपत मल्लाह आदि लगे हुए हैं ।

# समारोह आयोजित कर नामकुम सीओ को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम अंचल अधिकारी अमित भगत के स्थानांतरण के बाद उन्हें गुरुवार को विदाई दी गयी। इसे लेकर अंचल कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों व कर्मियों ने निवर्तमान सीओ अमित भगत को बुके व उपहार भेंट किया और उनके सुखद जीवन व कुशल कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्थानांतरित सीओ ने कहा कि अंचल के पदाधिकारी व कर्मियों के सामंजस्य से यहां कार्य होते रहा है। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि सीओ साहब



नामकुम के सीओ को फूलों का गुलदस्ता देकर विदाई देते अधिकारी।

अमित भगत मेरे छोटे भाई की तरह हैं। यह बहुत ही स्नेही एवं मिलनसार व्यक्तित्व है। उन्होंने पूरे ईमानदारी से अपना दायित्व निभाया है। हमारे साथ रहकर बेहतर काम किया और उनसे काफी सहयोग भी मिला है। इधर, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अमरेंद्र श्रीवास्तव, पंचायत सचिव अब्राहम टोप्पो एवं जन सेवक तेज नारायण सिंह को भी सेवानिवृत्ति के बाद उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी गयी और उन्हें अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तपन प्रसाद साहू, मरियम बानो, मनोज कुमार, नाजिर-विजय यादव के साथ प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नगड़ी प्रखंड का बढ़कर हो योगदान : अजय नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को नगड़ी के लादा गांव में स्थानीय ग्रामीणों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैठक। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष शाहबीर लोहरा ने किया। बैठक में विशेष रूप से हटिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव मौजूद थे। इस अवसर पर अजय शाहदेव ने कहा कि पांच फरवरी को राहुल गांधी जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर




रांची आ रहें हैं। वे धुर्वा स्थित शहीद मैदान में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। अजय नाथ शाहदेव ने ग्रामीणों से भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे भारत में अराजकता का माहौल बना दिया है। देश में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी बेहिसाब बढ़ गई है। पर इन मुद्दों से भाजपा को कोई लेना देना नहीं है। झारखंड की चुनी हुई हेमंत सरकार को एक साज़िश के तहत गिरा दिया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं जिसे हमसब को मिलकर सफल बनाना है। बैठक में उप मुखिया रश्मि तिर्की, पूर्व मुखिया मरियम तिग्गा, विनीता तिर्की, ग्राम प्रधान फेरडिनन तिर्की, जोन खलखो, जूलियस तिर्की, सुषमा तिर्की, पुष्पा तिर्की, बिरजिनिया तिर्की, कमल खलखो, इंदु सुशिता तिर्की, सैहुन लकड़ा, सालेन तिर्की, सिशिलिया तिर्की, दुलारी खलखो, अख्तर अंसारी, बिलचैन तिर्की, मानवेल एक्का, डेजी रीना तिर्की, माइकल तिर्की, दामु उरांव आदि मौजूद थे।

# खेलकूद से भी पा सकते हैं ऊंचा मुकाम : डॉ देवशरण



**दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का हुआ समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** जोन्हा प्रखंड अंतर्गत टाटी स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के अलावा जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत भी शामिल थीं। उक्त कार्यक्रम में 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। बालकों के लिए फुटबॉल, क्रिकेट, बालीबॉल, कबड्डी एवं बालिकाओं के लिए घड़ा फोड़, कुर्सी रेस, चमच गोली, तीरंदाजी आदि खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें बालक फुटबॉल में सिंगारी विजेता व उप विजेता जोन्हा, बालिका फुटबॉल में मुनगाडीह विजेता व उप विजेता सिंगारी, क्रिकेट में विजेता सारूगढी व उप विजेता लेपसर, बालीबॉल में विजेता टाटी व उपविजेता जोन्हा, जबकि कबड्डी में विजेता सिंगारी विद्यालय व उप विजेता टाटी मध्य विद्यालय की टीम रही। इस अवसर पर डॉ देवशरण भगत ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर अनगड़ा पूर्वी के जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, संजय महतो, पारसनाथ उरांव, सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, शितल देवी, प्रखंड खेल प्रभारी, अमर सिंह मुंडा, सिन्धु कान्हू प्रखंड अध्यक्ष दीनदयाल बेदिया, बबलू उर्फ ईरफान, सीताराम साहू, मोहम्मद रिजवान, दिलीप बेदिया, राजू महली, धर्मदेव रजवार, छुटूलाल बेदिया, सुधू बेदिया, शंकर बेदिया, विक्रम ठाकुर, मालजू बेदिया, छुटू मुंडा, सूरज रजवार आदि उपस्थित थे।

# लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय और ककरिया के विद्यार्थियों को दी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय में छात्र -छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन प्रधानाध्यापक अमरेंदर कुमार राय की अगुवाई में किया गया। उक्त विद्यालय से 224 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। इन्हें आज विद्यालय के शिक्षकों-शिक्षिकाओं का आशीर्वाद लिया व अपने कर्तव्य पथ पर ईमानदारी पूर्वक चलने का शपथ लेकर विद्यालय से विदाई लिया। प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय ने कहा कि विद्यार्थी को निष्ठा पूर्वक निरंतर मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। वहीं, ककरिया में भी विदाई समारोह मनाया गया।

# बीडीओ ने गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को हुई वर्षा से बढ़ी ठंड को देखते हुए प्रखंड कार्यालय की ओर से जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण किया गया। ठंड से ठिठुरते लोगों के बीच बीडीओ संग्राम मुर्मू के निर्देश में पुरुषोत्तम भाई पटेल ने अपने कर्मचारियों के साथ कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को अचानक कंबल मिला तो वे खुश हो गए और बीडीओ का धन्यवाद किया। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने बताया कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्य जारी रहेगा। मौके पर मुखिया लक्ष्मी कोया,पंकज कुमार मौजूद थे।

## बेड़ो सीएचसी जाने वाली सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से गुजरने वाली सबसे अधिक व्यस्ततम सड़कों में से एक बेड़ो-लोहरदगा मार्ग रोड से सीएचसी जाने वाली मार्ग में इन दिनों जानलेवा हो गई है। जहां से दिन-रात लोगों का आवागमन होते रहता है। ऐसे व्यस्तम सड़क के किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढे से जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। इस गड्ढे को नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए एक महीना पहले ही खोदा गया है, जो अब गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है, लेकिन संबंधित ठेकेदार और विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुंभकर्णी निंद्रा में सोए हुए हैं। वैसे तो ठीकेदार ने पूरे प्रखंड मुख्यालय के सड़कों के किनारे गड्ढे को खोद कर छोड़ दिया है। वहीं, अस्पताल आने-जाने वाली सड़क में बने गड्ढे के कारण खासकर रात के समय में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन गंभीर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अस्पताल आने वाले स्वजनों और लोगों का कहना है कि अंधेरी रात में गुजरने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सड़क से बिल्कुल सटे इस गड्ढे में गिरने की पूरी संभावना है। कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं।

## बागेश्वर धाम सरकार का कार्यक्रम बनायेगा इतिहास : अरुणा शंकर



**श्री बागेश्वर सरकार कार्यक्रम की तैयारी शुरू, मुख्य संयोजक ने किया स्थल का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर, बागेश्वर धाम के सेवादार नितेश सिंह, समिति के सचिव दीनानाथ, अतुल सिन्हा, मंटू शरद शरण एवं कमलेश सिंह ने गुरुवार को रांची एवं बाहर से आए पंडाल बनाने के ठेकेदार के साथ औरनार गांव जाकर स्थल का निरीक्षण किया। प्रथम महापौर सह संयोजक अरुणा शंकर ने पत्रकारों को बताया कि उनकी पूरी टीम एक-एक बारिकियों पर ध्यान रखकर कार्य कर रही है। हम सब आज बाहर से आए विशेषज्ञों के साथ बिजली, पानी, सड़क, शौचालय पार्किंग, प्रतिदिन एक लाख लोगों के लिए प्रसाद (भोजन) एवं न्यूनतम दो लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की समीक्षा कर तैयारी पूरी कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा जैसे ही कार्यक्रम की अनुमति मिलेगी हमारी टीम रात-दिन एक कर इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देगी। बताया कि मुझे खुशी है कि गांव के मुखिया, सरपंच ग्रामीण एवं भूमि मुहैया करने वाले लोग सभी उत्साही हैं। उनका भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रथम महापौर ने पूरे शहर वासियों से अनुरोध किया कि यह कार्यक्रम आपके शहर में एक इतिहास रचने जा रहा है। जो लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

## हुसैनाबाद : सीओ व राजस्व कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में गुरुवार को सीओ धनंजय गुप्ता व राजस्व कर्मचारी राजेंद्र राम के सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान सेवानिवृत्त सीओ व राजस्व कर्मचारी को अंगवस्त्र, फूलमाला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ रोशन कुमार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित होता है। उन्होंने सीओ व राजस्व कर्मचारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इनके सेवानिवृत्त होने से हम लोगों को इनकी कमी खलेगी। वहीं, सेवानिवृत्त सीओ धनंजय गुप्ता ने कहा कि बहुत ही कम समय के लिए हुसैनाबाद में रहने का अवसर मिला, लेकिन इस बीच यहां की जनता से ढ़ेरों प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, सीआई अशफाक अहमद, अंचल नाजिर सुनील कुमार सिंह, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, अंचल अमीन विनय कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सूर्यप्रताप, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक ने क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड-बिहार के सीमा पर अवस्थित कंचन बांध उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विदित हो कि क्यूज प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें प्रियांशु कुमारी वर्ग पांच (प्रथम), ऋषिकेश कुमार, वर्ग पांच (द्वितीय) व आयुष कुमार वर्ग पांच (तृतीय) का चयन किया गया। उक्त क्विज प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को सहायक अध्यापक अनिल कुमार ने पुरस्कृत किया। वहीं, प्रधानाध्यापक बलराम यादव ने कहा कि इस तरह के क्विज प्रतियोगिता के आयोजन और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर मुरारी कुमार, विद्यानंद कुमार, विद्याभास्कार, खुश्बू कुमारी, हिमांशु कुमार, कुंदन कुमार,मंजीत कुमार मेहता, प्रभात कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रथम महापौर ने दी निजी खर्च से खरीदी कोल्ड फागिंग वाटर बेस्ड मशीन की सौगात

# निगम नये कंटेनर लगवाये और घर घर सफाई की समीक्षा करे: अरुणा

**कहा : जनप्रतिनिधि का कर्तव्य पद के साथ भी पद के बाद भी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहरवासियों को मच्छर के प्रकोप से बचाव के लिए कोल्ड फॉगिंग वॉटर बेस्ड मशीन की सौगात दी। अपने निजी 16 लाख रुपए की लागत से खरीदी गई मशीन को गुरुवार को सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में चैनपुर बाजार महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद निगम कर्मियों को समर्पित किया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर के कुछ डॉक्टरों ने मुझे एक महीने पहले ही मुलाकात कर बताया था कि शहर में मच्छर के प्रकोप से डेंगू की बिमारी बढ़ती जा रहा है। शहर में फागिंग की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित होनी चाहिए। निगम कुछ नहीं कर रहा है। जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्च से बेहतरीन फागिंग मशीन जिसका संचालन चंडीगढ़-दिल्ली जैसे शहरों में किया जाता है उसे खरीद कर गुरुवार से ही कार्य प्रारंभ करवा दिया। प्रथम महापौर ने कहा कि इसी शहर ने मुझे नगर माता बनाया। इस लिए एक जिम्मेदार माता होने के नाते शहर के लोगों के हर सुख-दुख को देखना मेरा कर्तव्य है। ऐसे भी हर सच्चे जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होना चाहिए कि पद पर रहते हुए या उससे उतरने के बाद भी जनता के लिए समर्पित रहे। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने दो वर्ष कोरोना के बावजूद अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में बहुत शौक से शहर को सजाया। आज पद पर नहीं हूं बावजूद इसके निजी खर्च से पलामू में इतनी गर्मी पड़ने के बावजूद प्रतिदिन कई माली लगाकर चौक-चौराहों की देखरेख करवाती हूं। ताकि सारे पौधे हरे भरे रहे। हर चौक-चौराहे डिवाइडर के लाइट बनाए जाते हैं। महापुरुषों की प्रतिमा ओं की साफ-सफाई की जाती है। है, कोयल रिवर फ्रंट गांधी उद्यान की विशेष देखरेख की जाती है। पूरे निगम क्षेत्र में उनके द्वारा लगाए गए बुजुर्गों, बच्चों एवं माताओं के लिए बेंच का रखरखाव भी किया जाता है। मोहल्ले में लगे चिल्ड्रन प्ले स्टेशन की देखरेख की जाती है। पानी मशीन की देखरेख की जाती है। कोयल रिवर फ्रंट एवं शहीद चौक में लगी धौलपुर की जालियां जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रही हैं जिसे कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया और हर बार अपने निजी खर्च से बनवाती हूं। राजा हरिशचंद्र घाट की देखरेख चेंबर के नेतृत्व में करवाई जाती है। अब आज से प्रतिदिन रोस्टर बनाकर फागिंग भी हर वार्ड में की जाएगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल की कई प्रमुख योजनाएं लंबित है जिसमें प्रमुख कोयल रिवर फ्रंट पर बन रहे नाइट मार्केट जो अब पूरा हो चला है। शिवाजी मैदान जिसका कार्य चल रहा है। निगम के सभी तालाबों का सुंदरीकरण जिसका टेंडर निकल चुका है और कचरवा डैम में वाटर पार्क प्रमुख है जिसका टेंडर भी हो चुका है। प्रथम महापौर ने कहा कि नगर आयुक्त घर-घर सफाई की समीक्षा करें। स्थिति बदतर मेरे बोर्ड द्वारा पारित कई बड़े कंटेनर खरीद कर रखें गए हैं। चौक-चौराहा पर प्लेटफॉर्म भी बने हैं। कंटेनर उठाने वाली गाड़ी भी आई है पर उसे अब तक नहीं लगाया गया। उसे तत्काल लगवाएं, ताकि लोग सड़क पर जहां-तहां कूड़ा-कचरा ना फेंके।



कोल्ड फॉगिंग वॉटर बेस्ड मशीन की पूजा करती प्रथम महापौर अरुणा शंकर।

## मनातू में डीएमओ की बड़ी कार्रवाई चार अवैध ईंट-भट्टे किये गये ध्वस्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मनातू के करमाही घंघरी व हरकटुवा में अवैध रूप से संचालित चार चलंत चिमनी ईंट भट्टों पर कार्रवाई की गयी। सभी अवैध ईट भट्टों को ध्वस्त करते हुए नौ लाख कच्चा ईंट, चार लाख 50 हजार पक्का ईंट समेत 255 टन कोयला जब्त किया गया।

### भट्ठा संचालनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

डीएमओ ने मनातू थाने में करमाही मौजा के ग्राम डुमरिया निवासी राज ब्रिक्स के संचालक समीम मियां के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इनके यहां से तीन लाख कच्चा ईंट, दो लाख पक्का ईंट एवं 100 टन कोयला जब्त किया है। इसी तरह करमाही मौजा के ग्राम मसुरिया के सिना यादव के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज करते हुए 50 हजार कच्चा ईंट, एक लाख पक्का ईंट व 25 टन कोयला जब्त किया गया है। वहीं जेएमडी ब्रिक्स संचालक घंघरी निवासी राजेश यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए एक लाख 50 हजार कच्चा ईंट, 1.50 लाख पक्का ईंट और 100 टन कोयला जब्त किया गया है। इसी क्रम में साहू ब्रिक्स के संचालक पुराना ग्राम निवासी मनोरंजन कुमार पर भी एफआईआर दर्ज की गयी है। यहां से 4 लाख कच्चा ईंट व 30 टन कोयले जब्त किया गया है। इस तरह कुल 4 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया और उन लोगों से कुल नौ लाख कच्चा, 4.50 लाख पक्का ईंट समेत 255 टन कोयला जब्त किया गया है। इससे हड़कंप मच गया है।

## हरिहरगंज भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती व गांव चलो अभियान पर चर्चा



गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** संगठन की मजबूती को लेकर हरिहरगंज शहर में स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम और संचालन कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र पासवान और सह संयोजक करण राजवीर की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि गांव चलो अभियान 4 से 11 फरवरी तक भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से टोली बनाकर चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की उपलब्धियों की आम लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, गणेश सौंणडिक, भीमसेन शर्मा, रघुनंदन साव, सिकंदर पासवान, विनय विश्वकर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्षा अनुपमा देवी, राजेश दास, राजेश सौणडिक, संतोष सौंणडिक, मनोज सोनी, पाचू यादव, कमलेश यादव, धनंजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, महेंद्र पासवान, अंबुज सिंह, पवन कुमार, संजीव सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुप्ता साव, महेंद्र सिंह, लखन साव और राजू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दुधमुंहे बच्चे की मां ने लगायी फांसी

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के लोहरा पोखरी गांव में बुधवार की रात प्रियंका देवी (22) नामक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि ढाई वर्ष पहले सुजीत कुमार शर्मा से प्रियंका ने प्रेम विवाह किया था। दोनों खुशी-खुशी रह रहे थे। उनका डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। सुजीत शर्मा वाल पुट्टी का काम करता है। बुधवार को घर में कोई पुरुष नहीं था। ससुर सुंदरेश्वर शर्मा ईलाज करवाने बाहर गए थे और पति पांच-छह दिन से मनिका के जुंगुर में पुट्टी का काम कर रहा था। इसी बीच रात में प्रियंका देवी ने दुपट्टा से घर की कुंडी के सहारे फांसी लगा ली। गुरुवार की सुबह बच्चे के रोने की आवाज सुनकर प्रियंका की सास जो पिछे पुराने घर में सोई थी,जाकर देखी तो वह (प्रियंका) फंदे पर झूल रही थी। उसने तुरंत आस पड़ोस के लोगों को बताया। घटना की जानकारी मिलने पर काफी भीड़ जमा हो गई। उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही निलाम्बर पिताम्बरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद उसे अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया। इधर, तरहसी थाना क्षेत्र के महरी गांव निवासी मृतका के पिता हरिहर शर्मा ने पति सुजीत कुमार शर्मा पर हत्या का आरोप लगाया है।

### हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में हर शुक्रवार को बनेगा आयुष्मान कार्ड



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए आयुष्मान आरोग्य मित्र संतोष कुमार सिंह को आदेशित किया गया है। इसकी जानकारी हुसैनाबाद अनुमंडलीय स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 20 जनवरी को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई पंचायत समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बीडीओ के निर्देश पर यह प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### कौवाखोह में खुला डॉ विनोद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल, नामांकन शुरू



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कौवाखोह पिरोजी में गुरुवार को एनएच 98 फोरलेन स्थित डॉ विनोद इंस्टिच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन हरिहरगंज के पूर्व प्रमुख प्रदीप कुमार सिंह और सीताराम पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने बताया कि महाबीर स्वास्थ्य संस्थान रजिस्टर नंबर 7182/20 के अंतर्गत संचालित डॉ बिनोद इंस्टिच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल में विषय एएनएम, जीएनएम,बीएससी नर्सिंग और डी फार्मा पर शिक्षण की व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसका नामांकन शुरू हो चुका है। वहीं व्यवस्थापक डॉ मनोज कुमार ने बताया कि अस्पताल में जेनरल मेडिसिन, जेनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग, यूरोलॉजी, हड्डी रोग, बाल रोग एवं नेत्र रोग से संबंधित सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही एक्सरे अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड जांच सहित सभी प्रकार के जांच की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर डॉ चंदन कुमार, डॉ सपना कुमारी, रामानुज पाण्डेय, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, बसपा नेता राजकुमार गौतम, शिक्षक विंदेश्वरी राम, मनोज मेहता, सुबोध कुमार सिंह, पंसस शीलू सिंह, श्रवण लाला, पप्पू गुप्ता, पंकज कुमार, अमिताभ कुमार सहित कई लोग मौके पर उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच के साथ खड़ा हो ओबीसी पिछड़ा वर्ग परिवार : बीडी प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर रथ यात्रा निकाली गई है। जिसके माध्यम से नुक्कड़ सभा कर ओबीसी समाज को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रचार रथ पांडू प्रखंड अंतर्गत बंदला, बरवाडीह, ढांचाबार, डाला, झरना, चनोखर, कुड़वा, पांडू पूरे पंचायत क्षेत्र में सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक भ्रमणशील हुआ। जिसमें संयोजक मंडल ब्रह्मदेव प्रसाद, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, शंकर विश्वकर्मा उपस्थित थे। संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी संयोजक मंडल एवं ओबीसी समाज के अगुआ साथियों से आग्रह किया कि इस अभियान रथ यात्रा में शामिल होकर नुक्कड़ सभा का बृहद प्रचार प्रसार कर ओबीसी समाज को आमंत्रित करने में बहुमूल्य योगदान दे। वहीं, युगल पाल ने कहा कि आज जिस प्रकार समाज में हमारा शोषण हो रहा है इसे देखकर मन दुखी है। सरकार ओबीसी को त्वरित न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना करें।

### ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में सीसीए एक्टिविटी के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, दीवाल सजावट, रॉकेट बनाओ, दिया सजावट, राखी मेकिंग, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य, नाटक, रैंप वॉक आदि शामिल था। रॉकेट बनाओ प्रतियोगिता में आशिया नूरी प्रथम , आयात उमर व आर्य तिवारी द्वितीय और साना परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, दिया सजावट में प्रथम आइंस्टीन हाउस से आरिश इमरान, सोमनाथ हाउस से दिव्या कुमारी द्वितीय और कलाम हाउस से मनोज और रजिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पाया। रंगोली प्रतियोगिता में आइंस्टीन हाउस से लक्ष्मी और ग्रुप जिसमें संजना प्रेरणा व साकिब, आइंस्टीन हाउस से लक्ष्मी सिंह, राजलक्ष्मी, सुप्रिया व तैयब ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सजावट प्रतियोगिता में कलाम हाउस से अनस और ग्रुप ने प्रथम स्थान और भाभा हाउस से रितिक ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राइम्स राउंड में प्रथम स्थान आयात और ग्रुप,द्वितीय स्थान जोया और ग्रुप और तृतीय स्थान सोने और ग्रुप ने प्राप्त किया।

## स्पोर्ट्स



भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी ताजा आइसीसी गेंदबादी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों के शीर्ष-10 की रैंकिंग में विराट कोहली ही हैं।

## 67वां नेशनल स्कूल गेम में हिस्सा लेंगे संत मरियम के रोशन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के समन्वयक अमरेंदर श्रीवास्तव और वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति सिंह ने कक्षा 8वीं के छात्र रोशन कुमार को तिलक लगा कर 67वां नेशनल स्कूल गेम के लिए रवाना किया। मौके पर रोशन ने सभी शिक्षकों एवं मैनेजमेंट टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्कूल में वह शिक्षा के साथ-साथ गतका खेल का भी प्रशिक्षण प्राप्त करता था। उसने पिछले वर्ष ही गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है और दिसंबर महीने में झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई के ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद नेशनल एसजीएफआई के लिए चयनित किया गया। मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि रोशन झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 में फेरी सोती खेलेंगे। जिसमें आने और जाने एवं रहने का सारा खर्च झारखंड सरकार देगी। शुक्रवार को रांची से 32 गतका खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। उनके साथ झारखंड से दो कोच बोकारो के राजीव सिंह और धनबाद के पप्पू सिंह और झारखंड सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति एक टीम मैनेजर सभी खिलाड़ियों को लेकर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।




## वेदांता चैलेंज ट्रॉफी 2024 में बोकारो और धनबाद के 92 शीर्ष तीरंदाजों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड आसपास के समुदाय के विकास और सर्वांगीण विकास के लिए अटूट प्रतिबद्ध है। खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड ने प्रतिष्ठित वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है। बुधवार को वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने वार्षिक अंतर-अकादमी तीरंदाजी प्रतियोगिता- वेदांता चौलेंज ट्रॉफी की मेजबानी की। जिसमें बोकारो और धनबाद से पांच प्रमुख तीरंदाजी अकादमियों के लगभग 92 तीरंदाजों ने भाग लिया। इस वर्ष भाग लेने वाली 5 तीरंदाजी अकादमियों में सेल तीरंदाजी सेंटर- बोकारो, चंदनकियारी डे बोर्डिंग सेंटर, धनबाद तीरंदाजी सेंटर, अंजला तीरंदाजी सेंटर, वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी, सियालजोरी शामिल रहीं। इस असर पर गोमिया विधायक और बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष डॉ लंबोदर महतो ने आयोजन को उत्सुकता से देखा। उनके साथ बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिंह, बोकारो जिला तीरंदाजी संघ की सचिव अंजला सिंह और एमडी खासिम, झारखंड के अग्रणी तीरंदाज भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के डिप्टी सीएचआरओ खिरोद कुमार बारिक ने टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खेल भावना को बढ़ावा देती हैं और तीरंदाजों को प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में भाग लेने का अनुभव प्रदान करती हैं। ऐसे बड़े आयोजनों में भाग लेने से स्वस्थ प्रतिस्पर्धी रणनीति बनाने, उत्कृष्टता प्राप्त करने की भूख बढ़ाने और खेल की भावना का जश्न मनाने में भी मदद मिलती है। स्थानीय लोगों, कोचों, अभिभावकों, हितधारकों और ई एस एल कर्मचारियों सहित लगभग 200 दर्शकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रफीक अंसारी, सरपंच, चंदाहा ने इस आयोजन में उपस्थित रहे। सीएसआर के उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्र ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

गौरतलब हो कि वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के बारे में सियालजोरी में स्थित अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। यह परियोजना 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 युवा तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण और प्रेरणा प्रदान करती है।



